झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पत्र संख्या– वनभूमि–42/2019– 3892 व०प०, राँची, दिनांक– 07/12/2020

प्रेषक

**सुनील कुमार,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–**
कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड,
झारखण्ड, राँची।

विषय :– **झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा सिमडेगा जिलान्तर्गत मौजा–नवाटोली (कोलेबिरा) में 132/33 के0वी0 सब–स्टेशन निर्माण हेतु 3.32 हे0 वनभूमि (जंगल–झाड़) अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक–3843 दिनांक–03.10.2019 द्वारा विषयक परियोजना को प्रदत्त स्टेज–I की स्वीकृति में लगाये गये शर्तों का प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–982 दिनांक–10.11.2020 से प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन की सम्यक समीक्षोपरांत राज्य सरकार के निर्णयानुसार विषयक परियोजना में अंतिम स्वीकृति दी जाती है।

प्रस्ताव में सन्निहित 3.32 हे0 जंगल–झाड़ी भूमि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में है। अतः उक्त जंगल–झाड़ी भूमि का हस्तांतरण राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के स्तर से अपेक्षित है। तद्नुसार निज स्तर से प्रयोक्ता अभिकरण को उक्त आशय की सूचना देने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

4/12/2020

(सुनील कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक–वनभूमि–42/2019–3892, व0प0, राँची दिनांक– 07/12/2020

प्रतिलिपि–सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड, नई दिल्ली–110003/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, बंगला नं0–A-2, श्यामली कॉलोनी, राँची, झारखण्ड–834002 को स्टेज–I के अनुपालन प्रतिवेदन (अनुलग्नक सहित) के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
अनु0–यथोक्त।

4/12/2020

विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक–वनभूमि–42/2019– 3892 व0प0, राँची दिनांक– 07/12/2020

प्रतिलिपि–सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची को स्टेज–1 की स्वीकृति संबंधी पत्र की छायाप्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि विषयक प्रस्ताव में सन्निहित 3.32 हे0 जंगल–झाड़ी भूमि के हस्तांतरण हेतु नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।
अनु0–यथोक्त।

4/12/2020

विशेष कार्य पदाधिकारी

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक–वनभूमि–42 / 2019– 3892 व0प0, राँची दिनांक– 07/12/2020

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची / क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, राँची / वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, गुमला / वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमण्डल / उप महाप्रबंधक(परियोजना), झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लि0, ट्रांसमिशन सर्किल(रामलीला मैदान के समीप), कुसई कॉलोनी, डोरण्डा, राँची, झारखण्ड–834004 को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/12/2020

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक–वनभूमि–42 / 2019– 3892 व0प0, राँची दिनांक– 07/12/2020

प्रतिलिपि–मुख्य वन संरक्षक, वनरोपण, शोध एवं मूल्यांकन अंचल, राँची को विभागीय Website **"forest.jharkhand.gov.in"** पर Upload करने हेतु प्रेषित।

4/12/2020

विशेष कार्य पदाधिकारी।
4/12/2020